**सुविचार**

**सबसे श्रेष्ठ किस्म की सेवा ऐसे व्यक्ति की मदद करना है जो बदले में आपको धन्यवाद कहने में भी असमर्थ हो**

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 48 | पंचकूला। बुधवार, 25 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


# ऑस्ट्रेलिया वर्क वीजा के नाम पर 12 लाख का फ्रॉड करने वाला गिरोह बेनकाब, पति-पत्नी समेत चार आरोपी गिरफ्तार, अम्बाला व पंचकूला में 6 मामले पहले से दर्ज, यमुनानगर में भी शिकायतें दर्ज

- **वर्ष 2022 से चला रहे थे फर्म**
- **3 लाख 35 हजार कैश व 5 मोबाइल फोन बरामद**
- **रिमांड खत्म होने के बाद चारों को आज न्यायिक हिरासत भेजा गया**

**पंचकूला ऑब्जर्वर, पंचकूला**



पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। इस गिरोह ने ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर एक युवक से 12 लाख रुपये ठग लिए और उसे फर्जी वीजा थमा दिया।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि हमारी एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 मार्च को पहले आरोपी हरप्रीत वासी अम्बाला को लुधियाना से गिरफ्तार किया, आरोपी को 18 मार्च को कोर्ट में पेश कर 6 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान की गई पूछताछ के दौरान पुलिस ने 19 मार्च को अन्य आरोपी हरभजन व उसकी पत्नी नेहा तथा चिराग नरुला को गिरफ्तार कर 20 मार्च को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी रखी। यह मामला पंचकूला के सैक्टर-5 थाना में 27.02.2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 61, 308(3), 338, 340, 316(2), 318(4) दर्ज किया गया था। लुधियाना, पंजाब वासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया वर्क वीजा पर जाना चाहता था। इसी दौरान वह अपने रिश्तेदार के साथ अम्बाला स्थित एक इमिग्रेशन ऑफिस में गया, जहां उसकी मुलाकात हरभजन सिंह, हरप्रीत उर्फ बम्पी, चिराग नरुल्ला और नेहा से हुई। आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर ऑस्ट्रेलिया भेजने का भरोसा दिया 12 लाख रुपये में वीजा लगवाने की बात तय की। आरोपियों ने योजना के तहत पहले पीड़ि‍त का पासपोर्ट व दस्तावेज लिए और बाद में उसे बताया कि उसका वीजा लग चुका है। इसके बाद 08 नवंबर 2025 को पंचकूला सेक्टर-05 स्थित एक रेस्टोरेंट में बुलाकर आरोपियों ने उससे 12 लाख रुपये नकद ले लिए और उसे एक फर्जी वीजा थमा दिया। इतना ही नहीं, पीड़ि‍त को विश्वास में लेने के लिए आरोपियों ने वीजा को ऑनलाइन भी चेक करवाया। वीजा मिलने के बाद पीड़ि‍त ने लगभग 5 लाख रुपये खर्च कर टिकट, होटल बुकिंग और अन्य व्यवस्थाएं कर लीं, लेकिन बाद में जांच करने पर वीजा फर्जी निकला। इसके बाद पीड़ि‍त ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान पुलिस ने व्हाट्सएप चैट, बैंक स्टेटमेंट, फर्जी वीजा दस्तावेज जैसे अहम साक्ष्य जुटाए।

तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने पहले आरोपी हरप्रीत सिंह को लुधियाना से गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों हरभजन सिंह, चिराग नरुल्ला और नेहा को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने आपस में मिलकर एक सुनियोजित साजिश के तहत यह ठगी की थी। इस मामले में 2 आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार रेड की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान 3 लाख 35 हजार कैश, 5 मोबाइल व दस्तावेज बरामद किए है।

आरोपियों द्वारा घटना स्थल की निशानदेही भी करवाई गई है। फिलहाल सभी आरोपियों का पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद उन्हें आज न्यायिक हिरासत भेज दिया है। डीसीपी ने एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर योगवेन्द्र सिंह, जांच अधिकारी एएसआई दीपक सहित पूरी टीम के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीम की सतर्कता, मेहनत और पेशेवर कार्यशैली के चलते न केवल इस मामले का सफल खुलासा हुआ है, बल्कि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में भी महत्वपूर्ण सफलता मिली है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि विदेश भेजने के नाम पर किसी भी एजेंट या इमिग्रेशन कंसल्टेंसी के झांसे में आने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच-पड़ताल अवश्य करें।

संबंधित एजेंट का लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, पूर्व रिकॉर्ड और ऑफिस का सत्यापन जरूर करें तथा किसी भी प्रकार का भुगतान करने से पहले सभी दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें। न्होंने आगे कहा कि बिना पुख्ता जानकारी के किसी को भी अपनी मेहनत की कमाई न सौंपें और न ही झूठे वादों, जैसे जल्दी वीजा लगवाने या गारंटी के नाम पर बहकावे में आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या धोखाधड़ी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

शिवास कविराज, एडीजीपी (पुलिस आयुक्त पंचकूला एवं अध्यक्ष अवैध प्रवास मामले, हरियाणा) ꞊ विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एजेंटों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा कि कई लोग जल्दी विदेश जाने के लालच में बिना जांच-पड़ताल के अवैध एजेंटों के झांसे में आ जाते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक नुकसान उठाना पड़ता है। यदि कोई व्यक्ति विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करता है या संदिग्ध गतिविधि सामने आती है तो तुरंत पुलिस या एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट को सूचना दें।

## एक नजर

### घर का दरवाजा तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार



**पंचकूला.** पंचकूला पुलिस ने चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में अहम सफलता हासिल की है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते न केवल आरोपी को काबू किया गया, बल्कि चोरी से प्राप्त नकदी भी बरामद कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 21 मार्च को पंचकूला निवासी एक शिकायतकर्ता ने थाना सेक्टर-14 में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि सेक्टर-12 ए स्थित उनके घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर घरेलू सामान चोरी कर ले गया। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। मामले की जांच के दौरान डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में जांच अधिकारी एएसआई गुरमेज ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रोशन, निवासी सेक्टर-20 पंचकूला, उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने चोरी किया गया सामान राह चलते एक कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए चोरी का सामान बेचकर प्राप्त किए गए 15 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अमेरिकी बिजनेसमैन ने 1.63 बिलियन डॉलर में राजस्थान रॉयल्स को खरीदा

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पहली चैंपियन टीम राजस्थान रॉयल्स को काल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को 1.63 अरब अमेरिकी डॉलर में बेच दिया गया है। मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजस्थान रॉयल्स 1.63 बिलियन डॉलर में बिक गई है। तुलना के लिए, लंदन स्पिरिट, जो सबसे महंगी टीम थी, उसकी वैल्यूएशन द हंड्रेड में हिस्सेदारी बिक्री के समय 370 मिलियन डॉलर थी। राजस्थान रॉयल्स में अमेरिकी बिजनेसमैन काल सोमानी की पहले से ही कुछ हिस्सेदारी थी। पिछले 15 से यादा वर्षों में, उन्होंने एड-टेक, डेटा प्राइवेसी, एआई गवर्नेंस और स्पोर्ट्स टेक पर केंद्रित कई उद्यमों की शुरुआत की है। खेलों से उनके जुड़ाव में मोटर सिटी गोल्फ क्लब की सह-मालिकाना हक और टीएमआरडब्ल्यू स्पोर्ट्स और जीजीएल गोल्फ लीग जैसे बिजनेस में शुरुआती दौर का निवेश भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा हो चुका है। उम्मीद है कि आईपीएल 2026 के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह अधिग्रहण 2026 के टूर्नामेंट के बाद पूरा होगा। कंसोर्टियम को वॉलमार्ट परिवार के रॉब वाल्टन और हैम्प परिवार का भी समर्थन प्राप्त है, जिनके पास डेट्रॉइट लायंस का बहुमत मालिकाना हक है। इसके अलावा, फोर्ड परिवार की सदस्य शीला फोर्ड हैम्प भी इस समूह से जुड़ी हुई हैं।

### कोलंबिया: सेना के विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 66 हुई

**बोगोटा.** दक्षिणी कोलंबिया के पुटुमायो क्षेत्र में कोलंबियाई सैन्य विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है, जबकि 57 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने सैन्य सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स (एफएसी) के कमांडर कार्लोस सिल्वा ने एफएसी द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि सी-130 हरक्यूलिस परिवहन विमान में 114 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच दल भेजा गया है।

नई दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया 1.03 लाख करोड़ का ग्रीन बजट

# एमसीडी और सड़कों के विकास पर बड़ा जोर

- **दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया**
- **मुख्यमंत्री ने इसे ग्रीन बजट बताते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष फोकस की घोषणा की**

**पंचकूला ऑब्जर्वर, नई दिल्ली**



**नई दिल्ली.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए राजधानी के विकास के लिए कई बड़े ऐलान किए। इस बार सरकार ने 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जिसे पिछले साल के मुकाबले काफी बड़ा बताया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस बजट को लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रीन बजट के रूप में तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस बजट की हर योजना और नीति में पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों की चिंता को शामिल किया गया है। इसी के तहत कुल बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा पर्यावरण के लिए निर्धारित किया गया है।

राजस्व के स्रोतों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 900 करोड़ रुपए नॉन-टैक्स रेवेन्यू से आएंगे, जबकि 591 करोड़ रुपए केंद्रीय सड़क निधि से प्राप्त होंगे। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत केंद्र सरकार से करीब 2,500 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए इस बार बड़ा प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार 11,666 करोड़ रुपए की राशि एमसीडी को दी जा रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास को भी बजट में प्राथमिकता दी गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 5,921 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। इसके अलावा, शहरी विकास के लिए 7,887 करोड़, यमुनानगर के लिए 300 करोड़, झुग्गी विकास के लिए 800 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 787 करोड़ और विकास विभाग के लिए 914 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के तहत सड़कों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विभाग को 7,000 किलोमीटर सड़कों को ईंट और पक्के निर्माण के साथ पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है, जिस पर 1,392 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, विधायकों के क्षेत्रों के विकास के लिए 350 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट क्षेत्र के लिए भी 186 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## पंचकूला नगर निगम में एक और बड़ा घोटाला, कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा 160 करोड़ की एफडी का गबन

**पंचकूला ऑब्जर्वर, पंचकूला**

कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों पर नगर निगम पंचकूला के करीब 160 करोड़ रुपये के गबन का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नाम पर जमा कराई गई यह राशि फर्जी खातों में ट्रांसफर कर दी गई और निगम को केवल कागजी रिकॉर्ड थमाए जाते रहे। जानकारी के अनुसार नगर निगम ने अलग-अलग समय में करीब 160 करोड़ रुपये एफडी के रूप में बैंक में जमा कराए थे। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने मिलीभगत से जाली खाते खोलकर यह रकम उनमें ट्रांसफर कर दी। आरटीजीएस के जरिए किए गए ट्रांजैक्शन में भी फर्जी हस्ताक्षर और स्टैंप इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है। मामले का खुलासा तब हुआ जब निगम ने 58 करोड़ रुपये की एक एफडी की मैच्योरिटी राशि अपने खाते में ट्रांसफर करने को कहा। बैंक द्वारा दिए गए स्टेटमेंट में राशि ट्रांसफर दिखाई गई, लेकिन वास्तविक खाते में पैसा नहीं पहुंचा। जांच में पता चला कि स्टेटमेंट भी फर्जी था और रकम गायब है। इसके बाद जब नगर निगम ने अन्य एफडी को भी मैच्योर कर खाते में ट्रांसफर करने को कहा, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बैंक द्वारा दी गई सभी एफडी जाली थीं और खाते में कोई राशि मौजूद नहीं थी। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए लंबे समय तक इस गबन को छुपाए रखा। नगर निगम ने बैंक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और सरकार को बैंक को डी-इंपैनल करने के लिए पत्र भी लिखा गया है। सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े 590 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला भी सामने आया था, जिसमें सरकारी विभागों की राशि की वापसी हो चुकी है। अब इस नए मामले के सामने आने के बाद निजी बैंकों में जमा धन को लेकर आम लोगों में चिंता का माहौल बन गया है।

## देश में पहली बार इच्छामृत्यु, हरीश राणा की मौत

**गाजियाबाद.** हरीश राणा ने मंगलवार को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। ये देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई है। एम्स में हरीश को पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। एम्स के अनुसार, हरीश ने शाम 4꞊10 बजे अंतिम सांस ली। वे ऑन्कोलॉजी यूनिट में भर्ती थे। उनकी देखभाल हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. सीमा मिश्रा कर रही थीं। परिवार ने हरीश के हार्ट के वाल्व और कॉर्निया दान किए हैं। हरीश के पिता अशोक राणा ने बताया,



बेटे का अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 9 बजे ग्रीन पार्क, साउथ दिल्ली में किया जाएगा। 14 मार्च को हरीश को दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया था। एम्स प्रशासन ने 16 मार्च को हरीश राणा की फीडिंग ट्यूब (खाने की नली) हटा दी थी। मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा को एम्स प्रशासन ने हरीश वार्ड के बगल में ही रूम दिया था। निर्मला अपने बेटे के पास अधिकतर समय रहती थीं। पिता अशोक राणा, भाई और बहन कभी-कभी मिलने जाते थे।

## ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला हिजबुल्लाह का इजराइली ठिकानों पर अटैक

**तेहरान।** ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्टचर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार और तोपखाने को निशाना बनाया। लेबनान ने ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है। सरकार ने कहा कि यह फैसला ईरान द्वारा कूटनीतिक नियमों के उल्लंघन के चलते लिया गया है। इससे पहले लेबनान ने ईरानी राजदूत को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर देश छोड़ने का आदेश दिया था। वहीं कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अल-अंसारी ने कहा है कि खाड़ी देशों और ईरान को भविष्य में पड़ोसी के रूप में साथ रहना सीखना होगा। उन्होंने कहा, ईरान यहां सदियों से है। इस क्षेत्र के लोग भी सदियों से हैं। किसी को कहीं जाने की जरूरत नहीं। पूर्ण विनाश विकल्प नहीं है। अल-अंसारी ने आगे कहा, हम साथ रहेंगे, पड़ोसी रहेंगे।

2021 बैच के आईपीएस अधिकारी अमरिंदर सिंह ने संभाली पंचकूला डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक की कमान

# साइबर अपराध, नशा तस्करी और ट्रैफिक व्यवस्था पर रहेगा विशेष फोकस

**पंचकूला ऑब्जर्वर, पंचकूला**

हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची के अनुसार वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी अमरिंदर सिंह को पंचकूला में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) क्राइम एंड ट्रैफिक की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आईपीएस अमरिंदर सिंह इससे पूर्व यमुनानगर में बतौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अपनी सेवाएं दे रहे थे, जहां उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रभावी भूमिका निभाई। वहीं, पंचकूला में इस पद पर कार्यरत रहे वर्ष 2021 बैच के ही आईपीएस अधिकारी मनप्रीत सिंह सूदन को अब स्थानांतरित कर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कैथल नियुक्त किया गया है।



अमरिंदर सिंह ने आज सेक्टर-4 पंचकूला स्थित पुलिस उपायुक्त अपराध एवं यातायात कार्यालय में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया गया। कार्यभार संभालने के पश्चात उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला की वर्तमान कानून व्यवस्था, अपराध स्थिति एवं यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य पंचकूला में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से साइबर अपराध, नशा तस्करी तथा यातायात व्यवस्था जैसे विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता के साथ पुलिसिंग को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत हो

## महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला स्स्ष्ट के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। स्स्ष्ट के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद योग्यता के आधार पर परमानेंट कमीशन दिया जाता है। परमानेंट कमीशन नहीं मिलने पर उन्हें सेवा छोड़नी होती है। इसके खिलाफ महिला अफसरों ने पहले आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल का रुख किया था।

# 40 वर्षों बाद पंजाब को नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप अंडर-13 की मेजबानी भी मिली: भगवंत सिंह मान

**‘खेल क्रांति’ ने पंजाब को अंतरराष्ट्रीय खेल नक्शे पर उभारा, हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के साथ पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा पंजाब**

पंचकूला ऑब्जर्वर चंडीगढ़



**चंडीगढ़.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ‘शानदार चार साल, भगवंत मान दे नाल’ कार्यक्रम के तहत खेल विभाग का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए राज्य में खेलों के क्षेत्र में हुए व्यापक बदलावों और भविष्य की योजनाओं का खाका सामने रखा। सिंचाई, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के बाद खेल क्षेत्र में सुधारों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेल बजट में ऐतिहासिक बढ़ोतरी करते हुए इसे 350 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1791 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही कोचों की संख्या 500 से बढ़ाकर 2458 की गई है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के लिए 15 लाख रुपये और एशियाई खेलों के प्रतिभागियों के लिए 8 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। राज्य में खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 3100 खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 3000 आधुनिक जिम स्थापित किए जा रहे हैं और 17,000 खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की गई हैं। ‘खेड़ां वतन पंजाब दीयां’ कार्यक्रम के तहत खिलाड़ियों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है—यह संख्या डेढ़ लाख से बढ़कर पांच लाख तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि पंजाब को पहली बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का अवसर मिला है। इसके अलावा 40 वर्षों बाद राज्य को राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप (अंडर-13) आयोजित करने का मौका मिला है। यह उपलब्धियां पंजाब को देश के खेल केंद्र के रूप में स्थापित करती हैं।

उन्होंने बताया कि यह प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट मोहाली के बलबीर सिंह सीनियर हॉकी स्टेडियम और जालंधर के सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें भारत, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया और चीन की टीमें भाग लेंगी। मैचों से पहले भांगड़ा और गिद्धा जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पंजाब की समृद्ध खेल विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य का खेलों से गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है। गुरु अंगद देव जी ने खडूर साहिब में मल्ल अखाड़ा स्थापित कर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया, जबकि गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने युवाओं को घुड़सवारी और तीरंदाजी में प्रशिक्षित किया। गुरु गोबिंद सिंह जी युद्ध-कला और खेलों में निपुण थे। आज भी होला मोहल्ला के अवसर पर पारंपरिक खेलों का आयोजन इस विरासत को जीवित रखता है। आधुनिक खेलों में भी पंजाब का योगदान उल्लेखनीय रहा है। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, क्रिकेटर शुभमन गिल, महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर, फुटबॉल खिलाड़ी गुरप्रीत सिंह संधू और क्रिकेटर अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ी राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। ये खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत ने 41 वर्षों बाद हॉकी में कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक 2024 में भी भारतीय टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। इन उपलब्धियों में पंजाबी खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेल नीति 2023 के तहत खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये तक की राशि दी गई है। ओलंपिक पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियां भी प्रदान की गई हैं। पिछले चार वर्षों में लगभग 100 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई है।

ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए ‘खेड़ां वतन पंजाब दीयां’ को ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें 14 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इस पहल ने युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देकर युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंजाब आने वाले समय में देश का अग्रणी खेल केंद्र बनकर उभरेगा।

### खेल नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार हैं और सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। 14 वर्षों के अंतराल के बाद किला रायपुर खेल मेला को पुनर्जीवित किया गया है, जिसे ‘मिनी ओलंपिक’ भी कहा जाता है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के तहत मोहाली, बठिंडा और लुधियाना में हॉकी एस्ट्रोटर्फ बदले गए हैं और मोहाली में नया सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है। इसके अलावा खेल चिकित्सा क्षेत्र में 113 पद सृजित किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश भर दिए गए हैं। अमृतसर, पटियाला, लुधियाना और बठिंडा जैसे शहरों में विशेषज्ञ डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट तैनात किए गए हैं।

## एक नजर

### डॉ. बलजीत कौर द्वारा मलोट में 16.25 करोड़ का वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट शुरू



**मलोट.** मलोट विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के प्रयासों से मलोट शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरूत 2 योजना के तहत 16.25 करोड़ रुपये की लागत से मलोट शहर के लिए वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट की आज शुरुआत की गई है, जिससे लगभग एक लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत सरहिंद फीडर पर नई पंपिंग मशीनरी स्थापित की जाएगी तथा लीकेज के कारण खराब हो चुकी 8300 मीटर पुरानी पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही शहर के हर कोने तक पानी पहुंचाने के लिए लगभग 20 किलोमीटर नई पाइपलाइन भी डाली जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के अंतर्गत लगभग 3000 घरों को नए हाउस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, जिससे लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होगा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे मलोट के निवासियों को पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जगराओं 24 मार्च विधानसभा में 28 और 29 मार्च को होने वाले

**जगराओं.** पंडित दीन दयाल उपाध्याय ट्रेनिंग कैंप की प्लानिंग को लेकर एक मीटिंग जिला अध्यक्ष राजिंदर शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में ट्रेनिंग कैंप के जिला इंचार्ज सौरभ कपूर, जगराओं ने हिस्सा लिया और बीजेपी कार्यकर्ताओं को कैंपों की डिटेल्स बताई। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तरफ से हर विधानसभा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय ट्रेनिंग कैंप लगाए जाएंगे और इन कैंपों में मंडल लेवल, जिला पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि यह कैंप 28 और 29 मार्च को जगराओं जिले के विधानसभा हलके में लगाया जाएगा, जिसके बाद जगराओं जिले के दूसरे विधानसभा हलकों में भी कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कैंपों में पार्टी के नए और पुराने पदाधिकारियों को पार्टी के इतिहास और भविष्य और केंद्र की मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में डिटेल में जानकारी दी जाएगी, जबकि हर कार्यकर्ता को इन योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए मोटिवेट किया जाएगा। इस मौके पर जिला जगराओं के अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने कहा कि जगराओं जिले में होने वाले ट्रेनिंग कैंप के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और कार्यकर्ता इस कैंप को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को पंजाब में बंद करके पंजाबियों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह कैंपों में भाग ले और केंद्र की योजनाओं की जानकारी लेकर आम लोगों तक पहुंचाए ताकि आम लोगों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, राज वर्मा, सुरेश गर्ग, मंडल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, गुरभेज सिंह, गौरव गुप्ता, अनिल कुमार संटी, नवीन जैन, डॉ. निर्मल भुल्लर, जसमेल सिंह धालीवाल, राजपाल जैन, हरिओम वर्मा, जगसीर सिंह, संजीव भट्ट, सुरेश खन्ना, शम्मी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आर. के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगराओं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

**जगराओं.** आर. के. स्कूल जगराओं का रिजल्ट शानदार रहा। पहले नंबर पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करते हुए मुख्य मेहमान डॉ. अशोक गुप्ता (यूएसए), राजिंदर जैन काका, साहिल गुप्ता, प्रिंसिपल सीमा शर्मा, एडवोकेट नवीन गुप्ता, कैप्टन नरेश वर्मा व अन्य। जगराओं। हर साल की तरह इस साल भी आर. के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगराओं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल सीमा शर्मा व प्रेसिडेंट एडवोकेट नवीन गुप्ता की कुशल अगुआई में एक भव्य समारोह में स्कूल का सालाना रिजल्ट घोषित किया गया। इस समारोह के मुख्य मेहमान कुदरत दे रखे चैरिटेबल ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक गुप्ता (यूएसए) थे। इस मौके पर उन्होंने व उनके परिवार ने सालाना परीक्षा में पहले, दूसरे व तीसरे नंबर पर आने वाले स्टूडेंट्स को स्टेशनरी व कॉपियों के पैकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उनकी पत्नी कविता गुप्ता, भाई विजय गुप्ता व भतीजे साहिल गुप्ता भी मौजूद थे।

## डी.ए.वी. कॉलेज में 3-दिवसीय गकारवां 2026ग का शुभारंभ

पंचकूला ऑब्जर्वर चंडीगढ़



पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री तथा आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रधान श्री अमन अरोड़ा ने यहां डी.ए.वी. कॉलेज, सेक्टर-10 में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम गकारवां 2026ग का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस पर संस्थान की ओर से शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

इस अवसर पर जन सभा को संबोधित करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने सांस्कृतिक महत्व और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए संस्थान की सराहना की। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में शहीद भगत सिंह की विचारधारा की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को अन्याय के विरुद्ध इस क्रांतिकारी योद्धा के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ अन्य ज्ञान अर्जित करने के लिए भी उत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम केवल शहीदों को ही नहीं, बल्कि उनके संकल्पों को भी याद करते हैं। शहीद भगत सिंह ने औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और शोषण, भूखमरी तथा असमानता से मुक्त समाज का सपना देखा।

‘कारवां 2026’ इस बात का प्रतीक है कि डीएवी कॉलेज ऐसे नागरिक तैयार कर रहा है, जिनमें सही और गलत की पहचान करने की क्षमता हो। उन्होंने युवाओं को इस ‘कारवां’ को आगे बढ़ाने का आह्वान किया, ताकि ‘रंगला पंजाब’ और एक सशक्त भारत का निर्माण किया जा सके, जिसका सपना हमारे शहीदों ने देखा था। शहीद भगत सिंह की भांजी श्रीमती गुरजीत कौर ढट्ट की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। उन्होंने अपने मामा द्वारा दी गई कुर्बानियों और उनके स्थायी आदर्शों को याद करते हुए भावनात्मक श्रद्धांजलि दी, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।

प्रिंसिपल डॉ. मोना नारंग ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और एक ऐसी शाम की शुरुआत की, जिसमें इतिहास की गंभीरता और युवाओं की ऊर्जा का सुंदर संतुलन देखने को मिला। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान देशभक्ति गीतों के मधुर समन्वय के माध्यम से देश के मूल्यों की झलक देखने को मिली। गुरविंदर और कर्शुभजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत गभगत सिंह दी वारग ने क्रांतिकारी भावना को जीवंत कर दिया। आकर्षक देशभक्ति नृत्य-नाटिका, गुरप्रीत कौर और गुरकमल सिंह की प्रभावशाली कविता तथा गायक मन्ना मंड के जोशीले प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ‘गैंगस्टरां ते वार’ का 63वाँ दिन, पंजाब पुलिस द्वारा 501 जगहों पर छापेमारी; 181 गिरफ्तार

- **पुलिस टीमों ने 68 व्यक्तियों के विरुद्ध की एहतियातन कार्रवाई, 50 को पूछताछ के बाद रिहा किया**

पंचकूला ऑब्जर्वर चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक ‘गैंगस्टरां ते वार’ मुहिम के 63वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे रा%य में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मैप किए गए 501 ठिकानों पर छापेमारी की। ‘गैंगस्टरां ते वार’ - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त रा%य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी।

एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमों ने राज्य भर में विशेष कार्रवाइयाँ कर रही हैं। 63वें दिन, पुलिस टीमों ने 181 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 16,678 हो गई है। इसके अलावा 68 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियातन कार्रवाई की गई है, जबकि 50 व्यक्तियों को तफ्तीश और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 3 भगौड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के द्वारा गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों की सूचना/जानकारी भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशीले पदार्थों के विरुद्ध अपनी मुहिम ‘युद्ध नशेयां विरुद्ध’ को 388वें दिन भी जारी रखते हुए आज 104 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1.3 किलो अफीम, 5 किलो भुक्की, 557 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 17,740 रुपये ड्रग मनी बरामद की गई है। इससे केवल 388 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल ड्रग तस्करों की संख्या 55,297 हो गई है। नशा मुक्ति मुहिम के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 40 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राजी किया है।

## हरदीप सिंह मुंडियां ने 14 उम्मीदवारों को तरस के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे

**चंडीगढ़.** पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज यहां पंजाब भवन में विभाग में तरस के आधार पर 14 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। विभाग में शामिल हुए नए उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विभाग में ग्रुप ‘सी’ और ‘डी’ की ये नियुक्तियां राज्य सरकार की नीति के तहत की गई हैं, जो प्रभावित परिवारों को सहायता देने और इन परिवारों के योग्य आश्रितों को समय पर रोज़गार उपलब्ध कराने पर आधारित है। कुल 14 उम्मीदवारों में से दो को क्लर्क, 9 को सेवादार, एक को सहायक सेवादार, एक को जूनियर तकनीशियन और एक को सहायक (तकनीकी) के रूप में नियुक्त किया गया है। हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए दृढ़ता से वचनबद्ध है और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नियुक्ति पत्रों के वितरण पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ये उम्मीदवार राज्य की प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नव-नियुक्त उम्मीदवारों को ईमानदारी, समर्पण और लगन से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने रोज़गार देकर अपनी ज़िम्मेदारी निभा दी है, अब इन नव-नियुक्त उम्मीदवारों का कर्तव्य बनता है कि वे लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरें और ईमानदारी से काम करें। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख सचिव नीलकंठ एस. अवहद, विभाग प्रमुख मैडम सईद सहिरीश असगर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब विधानसभा डायरी-2026 का किया उद्घाटन



**चंडीगढ़.** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने आज विधानसभा सचिवालय में वर्ष 2026 के लिए पंजाब विधानसभा डायरी का आधिकारिक उद्घाटन किया। स्पीकर संधवां ने जोर देते हुए कहा कि सचिवालय ने वर्ष 2026 की इस डायरी के संस्करण को एक व्यापक संस्थागत संसाधन के रूप में तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि यह डायरी विधायी जिम्मेदारियों को सुव्यवस्थित ढंग से संगठित करने के लिए तैयार की गई है, ताकि सदस्यों और अधिकारियों को दैनिक संसदीय कार्यों के साथ-साथ दीर्घकालिक रणनीतिक योजना के लिए एक प्रभावी साधन उपलब्ध कराया जा सके। स्पीकर ने कहा, ‘यह प्रकाशन एक दैनिक योजनाकार के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा। यह महत्वपूर्ण जानकारी का एक आवश्यक संग्रह है, जो आने वाले वर्ष के दौरान विधायी कार्यों के कुशल संचालन में सहायक सिद्ध होगा।’ इस समारोह में स कुलवंत सिंह पंडोरी, माननीय विधायक (एम.एल.ए.), राम लोक खटाना, सचिव, पंजाब विधानसभा, स्पीकर के सचिव सुरिंदर सिंह मोती तथा स्पीकर के ओ.एस.डी. मनिंदर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डायरी-2026 पंजाब विधानसभा के एक वर्ष के सभी प्रशासनिक और विधायी कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण और उपयोगी साधन सिद्ध होगी।

**शहीदों के सपनों का पंजाब बनाने का संकल्प**

## शहीद-ए-आज़म भगत सिंह भारत के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश की तस्वीर कुछ और होती : सीएम मान

पंचकूला ऑब्जर्वर चंडीगढ़



खटकड़ कलां शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के उनके शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दिन देश को शहीदों द्वारा दी गई महान कुर्बानी की याद दिलाता है।

उन्होंने लोगों से मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान क्रांतिकारी की सोच को अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने शहीदों का सम्मान करने और उनके सपनों का रंगला पंजाब बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। देश के महान क्रांतिकारियों की गौरवशाली विरासत को याद करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह अवसर केवल उनकी कुर्बानी को याद करने का ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और अन्याय के खिलाफ लड़ने के संकल्प को आगे बढ़ाने का भी है। उन्होंने उनके सपनों के पंजाब और देश की सेवा करने के अपने संकल्प को दोहराया, साथ ही इन स्वतंत्रता सेनानियों को भारत रत्न (सबसे बड़ा सम्मान) न दिए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि शुरुआती वर्षों में देश की बागडोर ऐसे साहसी और प्रगतिशील युवाओं के हाथों में होती तो देश की स्थिति अलग होती। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह दिन हमें शहीद भगत सिंह द्वारा मातृभूमि के लिए दी गई अद्वितीय कुर्बानी की याद दिलाता है। शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव की शहादत हमें हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती रहेगी। समाज में मौजूद हर प्रकार की बुराइयों के खिलाफ लड़ना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही गरीबी और सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने का एकमात्र स्थायी समाधान है। उन्होंने कहा, शिक्षा समाज की सभी समस्याओं का इलाज है, इसलिए पंजाब सरकार ने इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।

कोई भी मुफ्त सुविधा या रियायत गरीबी या सामाजिक बुराइयों को खत्म नहीं कर सकती, लेकिन शिक्षा लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाकर उन्हें मजबूरी और बेबसी के इस चक्र से बाहर निकाल सकती है। इसीलिए हमारी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और आम आदमी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सामाजिक परिवर्तन में ज्ञान की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। यदि हम वास्तविक बदलाव चाहते हैं, तो हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा, उन्हें सशक्त बनाना होगा और समाज को ऊपर उठाकर गरीबी को खत्म करना होगा। असली बदलाव अस्थायी लाभों से नहीं, बल्कि सच्चे ज्ञान और जागरूकता से आएगा। शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार हमारे महान शहीदों के संकल्पों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम पंजाब की तरक्की और इसके लोगों की खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध हैं। वह दिन दूर नहीं जब हमारे सामूहिक प्रयासों से पंजाब देश में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा।

## एक नजर

### शिक्षण पद्धति विषय पर कार्यशाला आयोजित




**लाडवा.** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में सी.बी.एस.ई. क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कहानी सुनाना एक शिक्षण पद्धति विषय पर इन हाउस कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रार्थना गीत गाकर किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा में कहानी सुनाने को पढ़ाई से जोड?र शिक्षण को रोचक और यादगार बनाना था। अलग-अलग ग्रेड के शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। उन्होंने अपने पढ़ाने के तरीके को संवादात्मक, रचनात्मक और छात्र केंद्रित बनाने की रणनीतियां सीखी। पूजा छाबड़ा ने बताया कि कहानी सुनाना बच्चों की कल्पना को बढ़ाता है। इससे भावनात्मक समझ भी विकसित होती है। उन्होंने बताया कि कैसे कहानियों के जरिए अलग-अलग विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाया जा सकता है। इस अवसर पर स्कूली स्टाफ भी मौजूद था।

### रामनवमी पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**लाडवा.** जय भारत कला मंच लाडवा द्वारा श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। मंच द्वारा प्रतिदिन शहर में प्रभातफेरी भी निकाली जा रही है। जो श्रीराम नवमी तक जारी रहेगी। यह जानकारी मंच की बैठक के बाद मंगलवार को पत्रकारों को दी गई। मंच के प्रधान रोकी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह शहर में मंच द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाती है जो शहर की मुख्य गलियों में घूमकर शहर के वातवरण को भक्तिमय बना रही है। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को मंच द्वारा विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जो दोपहर 3 बजे बड़े हनुमान मंदिर से शुरू होकर खेड़ा मंदिर, संगम मार्कीट, इंद्री चौक होते हुए शिवाला रामकुंडी पहुंचेगी। इसके बाद सायं 6 बजे भजन संध्या, 7 बजे 108 महा आरती तथा रात्रि 8 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में डीजे के स्थान पर शंख, मृदंग एवं भजनों के माध्यम से धार्मिक वातावरण रखा जाएगा। साथ ही नवदुर्गा की पालकियां, राम लला की झांकी एवं महर्षि वाल्मीकि द्वारा रामायण लेखन की प्रस्तुति भी शामिल रहेगी। इस अवसर पर प्रधान राकी शर्मा, बबलू व्यास, अश्वनी गोस्वामी, अमित गर्ग, विक्की मलिक, रिंकू अरोड़ा, विजय वधावन, राजीव अंग्रीष, अमित अरोड़ा, दीपक शर्मा, दीपक कक्कड़, रोहित आनंद, सुमित अग्रवाल, सुमित सैनी सहित अन्य मंच के सदस्य भी मौजूद थे।

### दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

**टोहाना.** जाखल शहर में कमीशन एजेंट का काम करने वाले एक ही घर के दो चिरागों की अपने चचेरे भाई की शादी से आते वक्त मूनक और पातडा के बीच रात को धुंध के कारण दो कारों की आमने-सामने भिंडत होने से दर्दनाक मौत हो गई यह खबर सुनते ही जाखल मंडी में शोक की लहर दौड़ गई आज लगभग जाखल शहर के ज्यादातर व्यापारी संस्थान भी इस दर्दनाक दुर्घटना के कारण बंद रहे दुर्घटना सुबह 5:00 की बताई गई है मृतकों की पहचान जाखल के हिमांशु जिंदल व विशाल जिंदल के रूप में हुई है यह दोनों युवक अनाज मंडी में कमीशन एजेंट का काम करते थे दुर्घटना के बाद दोनों के शवों को पातडा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन पातडा पहुंच गए थे।

### ई-भूमि पोर्टल पर किसानों से सीधा संवाद

**नरवाना.** नरवाना शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने जानकारी दी कि शहर के विभिन्न हिस्सों में नए रिहायशी सेक्टर विकसित किए जाने की योजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 2067 एकड़ भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 10 नए सेक्टर बसाए जाएंगे। यह परियोजना नरवाना शहर के साथ-साथ आसपास के राजस्व क्षेत्रों जैसे डूमरखा कलां, मोहल खेड़ा आदि को भी कवर करेगी, जिससे पूरे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। यह जानकारी उन्होंने आज भगवान परशुराम संस्थान, गेबी साहिब मंदिर के निकट आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान दी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों और भूमि मालिकों को सरकार द्वारा शुरू किए गए ई-भूमि पोर्टल के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। संपदा अधिकारी मान ने बताया कि सरकार ने भूमि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए ई-भूमि पोर्टल को चालू कर दिया है। इस पोर्टल के माध्यम से इच्छुक भूमि मालिक अपनी जमीन का पूरा विवरण ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान इस पोर्टल पर अपनी सहमति या आपत्ति दर्ज करने के साथ-साथ अपनी भूमि का मूल्य भी स्वयं निर्धारित कर सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। किसान अपनी इच्छा के अनुसार निर्णय ले सकते हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों को उचित मुआवजा देना और विकास की प्रक्रिया में उन्हें भागीदार बनाना है। शिविर के दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों को पोर्टल के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार भूमि का सही विवरण अपलोड किया जाए और किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि यह विभाग का दूसरा जागरूकता शिविर है इससे पहले गांव डूमरखा कलां में भी इसी प्रकार का शिविर आयोजित किया जा चुका है, जहां किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे शिविर लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस योजना की जानकारी पहुंच सके।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सरकार ने इस प्रक्रिया के प्रथम चरण के लिए 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया है।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रादौर.** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. नीति सखूजा के मार्गदर्शन में व स्वराज देवी अस्पताल रादौर के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ के नेत्र स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें आंखों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच की तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया। जिन विद्यार्थियों को दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें उचित उपचार एवं चश्मे के लिए सलाह दी गई। डॉ. नीति सखूजा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आंखों की देखभाल अत्यंत आवश्यक है और ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवाने और स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्टाफ एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नि:शुल्क जांच सुविधा प्रदान करना था। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपनी आंखों की जांच करवाई। स्वराज देवी अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों एवं चिकित्सा टीम ने प्रतिभागियों की आंखों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। जिन लोगों को आगे उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कॉलेज प्रबंधन एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। डॉ. विवेक शर्मा, निदेशक, जेएमआईईटीआई, संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ दृष्टि एक स्वस्थ जीवन का आधार है, इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर न केवल विद्यार्थियों बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

# तीन लाख लड़कियों को लगाई जाएगी एचपीवी वैक्सीनः आरती सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि प्रदेश में करीब 3 लाख लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन (एचपीवीवी) नि:शुल्क लगाई जाएगी। अब तक लगभग 3280 किशोर लड़कियों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। आरती सिंह राव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि फिलहाल, 14 साल की लड़कियों की सही लिस्ट बनाने के लिए सभी जिलों में हेड काउंट सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में टारगेट किशोर लड़कियों की संख्या कुल आबादी का एक प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 28 फरवरी, 2026 को हरियाणा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लॉन्च की थी। यह इंजेक्शन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार हैं, साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसके टारगेट लाभार्थी वे किशोर लड़कियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वैक्सीन देने से पहले, सभी मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी टीकाकरण के समय खाली पेट न हों। माता-पिता को सलाह दी जानी चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी खाली पेट न हों, या टीकाकरण से पहले उन्हें कुछ खाने के लिए दें। सेशन वाली जगह पर उन किशोरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है, जिन्होंने घर पर नाश्ता नहीं किया है।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण के बाद यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरियां 30 मिनट तक वहीं रुकें। सेशन वाली जगहों पर ऑब्ज़र्वेशन रूम में ऐसी गतिविधियों की व्यवस्था की गई है, जो किशोरियों का ध्यान टीकाकरण के बाद होने वाले दर्द और घबराहट से हटा सकें। तनाव से जुड़ी प्रतिक्रियाओं की संभावना को कम करने के लिए भीड़भाड़ कम से कम रखें।

आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केवल उन्हीं किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं। टीकाकरण से पहले माता-पिता/अभिभावकों से ओटीपी-आधारित सहमति या लिखित सहमति प्राप्त करें।

स्वास्थ्य मंत्री ने टीकाकरण प्रक्रिया के दौरान विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाते समय किशोरी खाली पेट न हो। अभिभावकों को भी यह परामर्श दिया गया है कि वे अपनी बेटियों को टीकाकरण से पूर्व कुछ खिलाकर लाएं। प्रशासन द्वारा टीकाकरण केंद्रों पर जलपान की विशेष व्यवस्था भी की गई है ताकि कोई भी बेटी खाली पेट न रहे। टीकाकरण के पश्चात सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किशोरियों को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र पर ही रुकने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर ऑब्ज़र्वेशन रूम में ऐसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे बच्चों का ध्यान दर्द या घबराहट से हट सके और तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। आरती सिंह राव ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण से पूर्व माता-पिता या अभिभावकों से ह्ङ्मक्क-आधारित अथवा लिखित सहमति अनिवार्य रूप से ली जा रही है। वैक्सीन लगाने से पहले लाभार्थियों की गर्भावस्था, पुराने टीकाकरण इतिहास, किसी गंभीर एलर्जी या बीमारी की गहन स्क्रीनिंग की जाती है। यह पूरी प्रक्रिया प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में ब्ब्ा॥्ट स्तर तक के निर्धारित केंद्रों पर पूरी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभार्थियों को हल्के साइड इफ़ेक्ट जैसे सामान्य बुखार या बदन दर्द के प्रति जागरूक कर आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है। पोर्टल पर रियल-टाइम में दर्ज किया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को तुरंत डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त हो सके। मंत्री ने इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं, ताकि समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचे कि सरकार द्वारा यह जीवन रक्षक टीका पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

## महाराजा सूरजमल जी की विशाल प्रतिमा का 29 मार्च को अनावरण

**कैथल.** जाट समाज के गौरव शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराजा सूरजमल की भव्य प्रतिमा के अनावरण का ऐतिहासिक क्षण अब समीप है। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश की अब तक की सबसे विशाल प्रतिमा का अनावरण 29 मार्च रविवार को प्रात: 10:00 बजे जाट शिक्षण संस्थान, सकौती टांडा मेरठ में विधिवत रूप से किया जाएगा।

यह आयोजन न केवल एक प्रतिमा का अनावरण है, बल्कि यह जाट समाज के इतिहास, वीरता और एकता का जीवंत उत्सव भी होगा। इस भव्य कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देने हेतु अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के उपाध्यक्ष मनोज चहल कोटड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जाट शिक्षण संस्थान पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा अध्यक्ष सुरेश सिरोही, समाजसेवी तेजी ढांडा, जयवीर ढांडा एवं अमृत मानस शामिल रहे। उन्होंने संस्थान के पदाधिकारियों को विधिवत आमंत्रण पत्र सौंपते हुए इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आग्रह किया। जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा कार्यकारी सदस्य जसवीर मानस ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

कहा कि महाराजा सूरजमल जी केवल एक राजा नहीं, बल्कि न्याय, नीति और वीरता के अद्वितीय प्रतीक थे। उनकी स्मृति में निर्मित यह प्रतिमा आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का दीपक बनेगी।

## राहुल गांधी के चश्में पर धूल जमी है इसलिए उन्हें सच धुंधला दिख रहा, नरेंद्र मोदी विश्व के चमकते सितारे हैंः विज

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपना चश्मा साफ कर लेना चाहिए क्योंकि यदि चश्में पर धूल जमी हुई हो तो सब कुछ धुंधला नजर आता है। नरेंद्र मोदी आज विश्व के चमकते सितारे है, सारे विश्व में मोदी जी को मान-सम्मान से बुलाया जाता है। मोदी जी ने जो करके दिखाया इस देश में उसको मानना चाहिए व सच को स्वीकार करना चाहिए। विज आज पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी के बयान कि प्रधानमंत्री के भाषण के बाद उनकी छवि धूमिल हो चुकी है, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि सपने लेने पर किसी सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया है, कोई भी सपना कोई भी ले सकता है। केजरीवाल स्वयं डूब चुके हैं और डूबा हुआ आदमी सपने लेता रहे, मगर उनके सपने कभी सच नहीं होंगे। उन्हें 11 विधायक मिल जाए तो यूपी में मुसलमान को मारेगा उसे मुठभे? में मार गिराएंगे और मदरसों की रक्षा करेंगे, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने क?ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनके जैसे और भी कुछ नेता है जो यदा कदा बोलते हैं। यह गलतफहमी के शिकार हैं, देश में कानून का राज है और सख्ती का राज है। उसका पालन करते हुए सारे लोगों की सुरक्षा का जिम्मेवारी सरकारें निभा रही हैं। फिल्म धुरंधर 2 में अतीक अहमद के चित्रण पर सपा सांसद अफजल अंसारी के बयान कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी मगर फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित नहीं है, पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि जब उन्होंने फिल्म ही नहीं देखी तो उन्हें कैसे पता कि फिल्म का मतलब क्या है और क्या उसमें दिखाना चाहते हैं व क्या बताना चाहते हैं। जब उन्होंने फिल्म देखी ही नहीं तो फिर ऐसा बयान देना केवल जनता में इस प्रकार की दुर्भावना फैलाना, इसके अलावा कोई काम नहीं है।

## विधानसभा के बजट सत्र में उठाए थानेसर व प्रदेश के विभिन्न मुद्दे : अशोक अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कुरुक्षेत्र.** हरियाणा के पूर्व मंत्री व थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उन्होने थानेसर व प्रदेश स्तर के आमजन के विभिन्न मुद्दों को विधानसभा के पटल पर रखा। इतना ही नही उनके द्वारा कई बार रखी गई कुरुक्षेत्र-कैथल वाया ढांड फोर लेन व कुरुक्षेत्र यमुनानगर फोर लेन बनाने की मांग को पूरा किया गया है। अब यह सुविधा जल्द लोगों को मिलेगी। अशोक अरोड़ा मंगलवार को केडीबी रोड स्थित अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनू जैन, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस, विवेक भारद्वाज डब्बू, सुनील राणा, जिला महासचिव कांग्रेस टेकचंद बारना, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश ओपी, बबलू गर्ग, मुकेश वाल्मीकि, विशाल मौदगिल, प्रदीप भारद्वाज व अन्य मौजूद थे।

अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास की उनकी मांग को भी सरकार ने स्वीकार किया है। बाईपास के तीन विकल्प रखे गए हैं। उनमें से किसी एक को अमलीजामा पहनाया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि उन्होने विधानसभा में किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों समेत हर वर्ग के मुद्दों को उठाया। किसानों के धान घोटाला को उन्होने विस पटल पर रखा। उसके द्वारा रखे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर धान घोटाले पर चर्चा भी की गई व धान घोटाले में किसानों के नुकसान की भरपाई की बात भी सरकार ने कही है। इसके साथ साथ उन्होने बात रखी कि हाइब्रिड बीज आने के बाद सेलर मालिकों के चावल पूरे नही हो पाते, ऐसे में वे सस्ते में धान खरीदते हैं। उन्होने सुझाव दिया है कि सेलर मालिकों से 67 की बजाय 65 किलोग्राम प्रति क्विंटल चावल लिए जाएं ताकि किसान की धान सस्ते में न बिके और व्यापारियों को भी नुकसान न हो। फसलों में नमी की मात्रा भी बनी रहती है क्योंकि कंबाईन से कटाई होने के चलते फसल में नमी बनी रहती है, ऐसे में किसानों को नमी में भी राहत दी जाए। अशोक अरोड़ा ने विस में स्वास्थ्य के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड के तहत कई ऑपरेशन बंद कर दिए हैं, इसलिए उन्हे दोबारा से लिस्ट में जोड़ा जाए, ताकि आमजन आयुष्मान कार्ड का फायदा ले सके। इसके साथ साथ उन्होने मांग भी रखी कि हरियाणा के प्राईवेट अस्पतालों के आयुष्मान के 600 करोड़ रूपए बकाया पडे हैं, इसलिए जल्द वह राशि जारी की जाए, ताकि अस्पतालों में सुचारू ढंग से आयुष्मान की सुविधा मिल सके।

### युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**कुरुक्षेत्र.** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संख्या-2 में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया गया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक शुरुआत है और अब स्वयंसेवकों की आपदा मित्र के रूप में यात्रा प्रारंभ होती है, जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वयंसेवकों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज सेवा के लिए अधिक सक्षम बनते हैं। वहीं अमित कौशिक ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े स्वयंसेवक इस प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। जितेंद्र सिंह द्वारा एनएसएस एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सभी स्वयंसेवकों, शिक्षा एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

## धर्मक्षेत्र में 5000 वर्षों पश्चात पुनः गूंजेगा गीता का शंखनाद

**कुरुक्षेत्र.** भारतीय संस्कृति की अक्षय निधि तथा अध्यात्म की शाश्वत धारा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र एक बार पुन: उस दिव्य संवाद की साक्षी बनने जा रहा है जिसने युगों से मानवता को दिशा प्रदान की है। गीता परिवार के स्थापना काल के 40 स्वर्णिम वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सहस्त्र गीता कंठनाद-राष्ट्र जागरण महायज्ञ की रूपरेखा आज आयोजित प्रेस वार्ता में प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन मनीषा वत्स द्वारा किया गया। इस अवसर पर गीता परिवार के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या के कोषाध्यक्ष परम पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ के संबंध में गीता परिवार के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ संजय मालपाणी जी के मार्गदर्शन का उल्लेख किया गया। मंच पर गीता परिवार के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ आशु गोयल जी, उत्तरांचल प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता जी, अद्वैत वेदांताचार्या एवं लर्नगीता की प्रोग्राम इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर रूपल शुक्ला जी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

27 एवं 28 मार्च को आयोजित इस राष्ट्र जागरण महायज्ञ में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अविराम श्रृंखला सम्पन्न होगी -विश्व के 11 देशों एवं भारत के 22 राज्यों से पधारे 1000 से अधिक गीताव्रती साधकों द्वारा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर संपूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता का सामूहिक कंठना। दआयोजन का एक विशेष आकर्षण भव्य गीता शंखनाद यात्रा होगी जिसमें विभिन्न राज्यों से आए गीता परिवार के साधक अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक संगीत एवं सांस्कृतिक स्वरूप के साथ सहभागिता करेंगे। यह यात्रा विविधता में एकता तथा सांस्कृतिक राष्ट्रचेतना का जीवंत दर्शन कराएगी। 27 मार्च को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर जब 1000 से अधिक गीताव्रती साधक एक स्वर में संपूर्ण गीता का कंठनाद करेंगे तब यह दृश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय उत्सव होगा। ये वे साधक हैं जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों को कंठस्थ किया है।

28 मार्च को मुख्य कार्यक्रम सहस्त्र गीता कंठनाद पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा।

**बद्दी से बरेली जा रही बस पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा**

## बिना परमिट संचालन पर 43,500 का चालान, बस इंपाउंड

पंचकूला ऑब्जर्वर, पंचकूला



पंचकूला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज सूरजपुर ट्रैफिक पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 23 मार्च की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में बद्दी (हिमाचल प्रदेश) से बरेली (उत्तर प्रदेश) वाया मढ़ावाला संचालित हो रही एक निजी बस को बिना वैध परमिट के चलते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, सूरजपुर ट्रैफिक थाना के एसएचओ अभिषेक को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक निजी बस अवैध रूप से बिना परमिट के यात्रियों को ले जा रही है। सूचना मिलते ही एसएचओ अभिषेक के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उक्त बस का पीछा किया और उसे रामगढ़ के समीप सफलतापूर्वक रोक लिया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर बस के दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बस चालक के पास रूट पर संचालन के लिए कोई भी वैध परमिट मौजूद नहीं था। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने बस के विरुद्ध 43,500 रुपये का भारी-भरकम चालान काटा। इसके साथ ही, बस को नियमानुसार जब्त कर इंपाउंड कर लिया गया है। नवनियुक्त डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शहर में बेहतर और सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिना वैध परमिट के बसों का संचालन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क पर चलने वाले आम लोगों के लिए गंभीर खतरा भी पैदा करता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था कायम की जा सके।

ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन मालिकों और संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज, विशेषकर परमिट, फिटनेस और बीमा, पूर्ण रखें। नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा।

### तिरपाल ढांपकर होता अंतिम संस्कार और छतरी तानकर अस्थि संचय क्रियाक्रम

**निसिंग.** भले ही शमशानो के सुंदरीकरण और मूलभूत सुविधाओं पर पंचायतीराज विभाग लाखो की राशि खर्च करता हो, लेकिन करनाल के अमूपुर रोड स्तिथ ब्रास गांव के शमशान की आजादी के 78 वर्षो बाद भी पंचायती राज विभाग ने कोई सुध नहीं ली। आलम यह है कि जब किसी परिवार में विपरीत मौसम के दौरान कोई अप्रिय घटना हो जाती है, तो उनके लिए चिता जलाना चुनौती बन जाता हैं। परिवार के चार पांच लोगो को बारिश में तबतक घंटो तिरपाल तानकर खड़ा रहना पड़ता है । जबतक चिता शांत न हो जाए। बात केवल अंतिम संस्कार तक सीमित नही है, बल्कि कई बार शमशान में चौथे दिन मृतक की अस्थि संचय सरीखे संवेदनशील कर्म भी छतरी तानकर करना पड़ता है। जिसमे घंटाभर से अधिक समय लगता है। शनिवार को बीमारी के चलते करीब 41 वर्षीय पुष्प देवी की मौत हो गई। बारिश रुकी और महिला को शमशान ले जाया गया।



# 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं

फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी। हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं।

अक्षय कुमार के साथ बिठाया तालमेल सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया।

पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्यमयी जीव है जो सबको डराता है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



# 'धुरंधर 2 में' परवीर कौर ने कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल


**'धुरंधर 2' में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। आइए उस एक्ट्रेस के बारे में जानते हैं, जिन्होंने ये किरदार निभाया।**

परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं। परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधर: द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है।

### फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं

हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'इस सीन को परफॉर्म करके मुझे सच में अपने आप पर बहुत गर्व महसूस हुआ। खुद को पहचानना मुश्किल था, थोड़ा डर भी लग रहा था। लेकिन वाहीगुरु हमेशा मेरा साथ देता रहा, और इस फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं।'



# विजय सेतुपति की 'महाराजा' का सीक्वल बनेगा

विजय सेतुपति की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'महाराजा' का सीक्वल बनने जा रहा है। खुद विजय सेतुपति ने कन्फर्म किया है कि फिल्म के डायरेक्टर निथिलन समिनाथन ने दूसरे पार्ट की कहानी पूरी कर ली है। विजय ने कहा कि वे इस फिल्म की कहानी सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। 2024 में रिलीज हुई फिल्म महाराजा ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी और अब इसके दूसरे पार्ट की तैयारी शुरू हो गई है।

### डायरेक्टर निथिलन ने तैयार की स्क्रिप्ट

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में विजय सेतुपति ने फिल्म के फ्यूचर प्लान पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि 'महाराजा 2' की कहानी पर काम पूरा हो चुका है। विजय ने कहा, निर्देशक निथिलन समिनाथन ने महाराजा 2 की कहानी पूरी कर ली है। मैं इसे जल्द ही सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। हालांकि, एक्टर ने अभी यह साफ नहीं किया है कि फिल्म फ्लोर पर कब जाएगी।

### 2024 की सफल फिल्मों में से एक 'महाराजा'

बता दें कि जून 2024 में रिलीज हुई 'महाराजा' विजय सेतुपति के करियर की 50वीं फिल्म थी। इस फिल्म में विजय ने एक ऐसे साधारण नाई का किरदार निभाया था, जिसकी जिंदगी में एक हादसा सब कुछ बदल देता है। फिल्म की सस्पेंस भरी कहानी और विजय सेतुपति की एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था।

### सीक्वल में क्या हो सकता है खास?

'महाराजा' के पहले पार्ट का क्लाइमेक्स और उसकी कहानी की बुनावट फिल्म की सबसे बड़ी ताकत थी। फिल्म में अनुराग कश्यप ने विलेन का रोल निभाया था। अब सीक्वल की खबर आने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी या विजय सेतुपति किसी नए सस्पेंस के साथ पर्दे पर लौटेंगे।

# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल खेमू

**कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है।**

सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

कैसी फिल्में बनाएंगे कुणाल खेमू?

अपने प्रोडक्शन हाउस तले कुणाल और चिराग ऐसी कहानियों को सपोर्ट करना चाहते हैं जो मनोरंजक हो, दिलचस्प और दमदार हों। वह ऐसी फिल्में बनाना चाहते हैं, जो क्रिएटिविटी, एटरटेनमेंट का बैलेंस बनाकर चलें। कुणाल खेमू भले ही निर्माता बन गए हों लेकिन वह दूसरे प्रोडक्शन हाउस की फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं। इस साल वह फिल्म 'गोलमाल 5' में नजर आएंगे। इस फिल्म को रोहित शेट्टी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, अरशद वारसी के अलावा कई उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे।



# आउटसाइडर्स को मौका देंगी आलिया

आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने नए प्रोडक्शन प्रोजेक्ट 'डोंट बी शाय' को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह इस फिल्म के जरिए इंडस्ट्री के 'आउटसाइडर्स' यानी नए चेहरों को मौका देने जा रही हैं। यह बात आलिया ने करण जोहर के साथ अमेजन प्राइम के इवेंट के दौरान शेयर की, जहां दोनों के बीच मजेदार बातचीत भी देखने को मिली। करण ने मजाक करते हुए कहा कि आलिया अब एक समझदार प्रोड्यूसर बन चुकी हैं, वहीं आलिया ने जवाब दिया कि उन्होंने 'बेस्ट से सीखा है' कि नए एक्टर्स को कैसे लॉन्च किया जाता है।

'डोंट बी शाय' एक आने वाली फिल्म है, जो एक 20 साल की लड़की की कहानी पर आधारित है, जिसकी परफेक्ट लाइफ अचानक बदल जाती है। इस फिल्म को आलिया अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। कुल मिलाकर, आलिया अब सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि नए टैलेंट को आगे लाने वाली प्रोड्यूसर के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रही हैं।





# कोई मुझे किसी चीज के लिए रोकता है तो पसंद नहीं

दिव्या दत्ता आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। पंजाबी फिल्मों से लेकर बॉलीवुड और अब ओटीटी तक की दुनिया में वह धूम मचा रही हैं। साल 1994 में एक्टिंग डेब्यू करने के बाद दिव्या दत्ता ने अपने 32 साल लंबे करियर में कई तरह के किरदार निभाए और अपनी पहचान पुख्ता की। 2017 में आई 'इरादा' के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं दिव्या दत्ता इस वक्त अपनी नई सीरीज 'चिरैया' को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है। मैरिटल रेप जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आधारित सीरीज 'चिरैया' के साथ-साथ दिव्या दत्ता ने इंटरव्यू में सिस्टरहुड, शादी रूपी संस्था पर बात की। इसके अलावा उन्होंने औरतों को एम्पावर करने की अहमियत, औरतों के बीच इन्सिक्योरिटी, अपनी शादी और पितृसत्तात्मक सोच को लेकर बात की।

**आपकी सीरीज में एक जेठानी अपनी देवरानी के लिए खड़ी होती है, जो देखना काफी सुखद है। औरतों का एक-दूसरे को एम्पावर करना, सपोर्ट करना आप कितना जरूरी मानती है?**

बहुत जरूरी है क्योंकि हमारे समाज में बहुत सी औरतें अपने लिए बोल नहीं पातीं। ऐसे में, कोई अपना नजरिया साइड में रखकर आपको सुने, एक-दूसरे को थामे तो हमारे समाज के लिए बहुत खूबसूरत बात होगी। मेरे भाई ने एक कविता लिखी थी- 'तुमने कहा था कि हम एक ही हैं तो अपने बराबर कर दो।' उसने लड़का होकर महिलाओं पर लिखी थी, जो बहुत पसंद की गई, बहुत वायरल हुई और मैं सोचती थी कि यह कविता इतनी क्यों हिट हुई? फिर मुझे अहसास हुआ कि बहुत सी महिलाएं बोल ही नहीं पातीं कि अपने बराबर कर दो ना। इस कविता के जरिए उन्हें लगा कि किसी ने तो उनके मन की बात बोली जो वो खुद नहीं बोल पातीं। इसी तरह इस शो में एक महिला दूसरी के लिए खड़ी हुई, वो भी उस रिश्ते में जो खून का नहीं है। वो मां बेटी नहीं, देवरानी जेठानी हैं, जिनके बीच मुकाबले, इनसिक्योरिटी की ही चर्चा होती है तो ये कितनी प्यारी बात है।

**निजी जिंदगी में ऐसी कोई पितृसत्तात्मक सोच रही, जिसके खिलाफ विद्रोह करने का मन किया? या आपने उसे तोड़ा हो?**

मेरी मां सिंगल मदर थीं। मैंने अपने पिता जी को बहुत कम उम्र में खो दिया था। उन्होंने अकेले ही मुझे पाला और हमें अपने फैसले खुद लेने की आजादी दी। उन्होंने मुझे बताया था कि उन्हें कहा गया था कि तुम्हें डॉक्टर ही बनना है तो वो डॉक्टर बन गईं। वो बहुत अच्छा लिखती थीं और बाद में भी लिखती रहीं। लेकिन उन्हें वो चुनने की आजादी नहीं मिली, तो उन्होंने मुझसे कहा कि अगर तुम एक्टर बनना चाहती हो तो बनो। मैं कल को ये नहीं सुनना चाहती कि तुम कहो कि मैं ये करना चाहती थी पर मेरी मां ने नहीं करने दिया। वो आजादी मेरे पास रही और इस सोच के साथ मैं बड़ी हुई हूं। ऐसे में, अगर कोई मुझे किसी चीज के लिए रोकता है, ऐसा अब भी होता है कि नहीं, नहीं ऐसे नहीं करो, तो मुझे पसंद नहीं और जहां मुझे लगता है कि बोलना चाहिए तो मैं बोल देती हूं।

**'चिरैया' मैरिटल रेप जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है। इस पर आपकी निजी राय क्या है?**

असल में यह एक महिला की कहानी है, जिसकी जिंदगी में सब कुछ खूबसूरत चल रहा है। हालांकि, उसे जो सही या नॉर्मल लगता है, वो असल में है नहीं, मगर ये फैसला कौन करेगा कि क्या सही है, क्या गलत, क्योंकि हमारे यहां बहुत से लोगों को सही-गलत मालूम ही नहीं होता। एक ढर्रा चलता जाता है। हालांकि, हम कोई आंदोलन नहीं कर रहे हैं, पर यह कहानी इतनी रिलेटेबल है कि आपको लगेगा कि इसके बारे में लोगों का जागरूक करना चाहिए, क्योंकि बहुत से लोगों को पता ही नहीं है कि ऐसा हो रहा है।

**शादी रूपी संस्था के बारे में आपकी क्या राय है? सलमान खान समेत बहुत से लोग अब इसे प्रासंगिक ही नहीं मानते ! आपने खुद शादी की अनिवार्यता की धारणा तोड़ी है !**

मुझे समझ नहीं आता कि इसे इतना बड़ा मुद्दा क्यों बनाया जाता है? हर कोई मुझसे शादी को लेकर पूछता है। मुझे लगता है कि मुझे इसका जवाब ही नहीं देना है। इसमें धारणा तोड़ने जैसी बात ही नहीं है। यह मेरी जिंदगी है। मैं जैसा चाहूंगी वैसा करूंगी। उस पर बात करना उसे जस्टिफाई करना मुझे जरूरी नहीं लगता। बाकी रही दूसरों की सोच की बात, तो हर किसी का अपना नजरिया है। बहुत से लोग शादी करना चाहते हैं, कई नहीं करना चाहते। दोनों में से कोई भी गलत नहीं है। दोनों का अपना नजरिया है और हमें दोनों का सम्मान करना चाहिए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com